कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा/माध्य/मा–स/22473/मिड डे मील/2018/११ दिनांक :– 27/8/18

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक– प्रथम/द्वितीय

विषय :– मिड डे मील योजनान्तर्गत राज्य में संचालित "अन्नपूर्णा दूध योजना" को सप्ताह में छः दिन लागु किए जाने के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– आयुक्तालय, मिड डे मील योजना, जयपुर का पत्रांक एफ 5(7) प्रा. शि./एमडीएम/अन्नपूर्णा दूध योजना/2018–19/834 जयपुर, दिनांक : 23.08.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि माननीया मुख्यमंत्री महोदया द्वारा दिनांक : 15.08.2018 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिड डे मील योजनान्तर्गत राज्य में संचालित "अन्नपूर्णा दूध योजना" के तहत सभी राजकीय विद्यालयों एवं मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के छात्र–छात्राओं को 1 सितम्बर, 2018 से सप्ताह में तीन दिवस के स्थान पर छः दिन दूध उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की गई है।

मुख्यमंत्री महोदया द्वारा की गई उक्त घोषणा की अनुपालना में अन्नपूर्णा दूध योजनान्तर्गत सभी राजकीय विद्यालयों एवं मध्यान्ह् भोजन योजना से लाभान्वित मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के छात्र–छात्राओं को दिनांक : 01.09.2018 से सप्ताह में तीन दिन के स्थान पर छः दिन दूध उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करावें। अन्नपूर्णा दूध योजना के लिए पूर्व में जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार ही योजना का संचालन एवं क्रियान्वयन किया जावेगा।

अन्नपूर्णा दूध योजना के सम्बन्ध में उक्त दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए आप अपने अधिनस्थ संस्था प्रधानों को निर्देशित करे।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. प्रमुख शासन सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
02. विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान, जयपुर।
03. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
04. निजी सचिव ,आयुक्त, आयुक्तालय, मिड डे मील योजना, नवजीवन कॉम्प्लेक्स, भवानी सिंह मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर – 302001
05. समस्त मण्डल उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को आवश्यक पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
06. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त संस्था प्रधानों के ई–मेल पते पर भिजवाने हेतु।
07. रक्षित पत्रावली।

www.rajteachers.com

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर